**भारत सरकार**

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं.: 2971**

**उत्तर देने की तारीख: 10.03.2026**

**सामाजिक असमानता**

**2971. श्री शेर सिंह घुबाया:**

**क्या सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि पंजाब सहित कई राज्यों में मृत्यु के पश्चात होने वाले समारोहों जैसे भोग/श्राद्ध पर भारी व्यय किया जा रहा है जिससे सामाजिक असमानता बढ़ रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का ऐसी सामाजिक बुराइयों को हतोत्साहित करने के लिए जागरूकता अभियान चलाने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सादगीपूर्ण सामाजिक रीति-रिवाजों को बढ़ावा देने के लिए कोई नीति प्रस्तावित है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री**

**(श्री बी.एल. वर्मा)**

**(क) से (ग):** 'भोग/श्राद्ध' जैसे मृत्यु के पश्चात होने वाले समारोह काफी हद तक सामाजिक परंपराओं, रीति-रिवाजों और समुदायों के सांस्कृतिक लोकाचार से संबंधित होते हैं। सरकार सदैव सामाजिक जागरूकता और आउटरीच कार्यक्रमों के माध्यम से प्रगतिशील सामाजिक प्रथाओं को बढ़ावा देती है।

*****